# समण संस्कृति संकाय

## जैन विश्व भारती

पोस्ट–लाडनूं–341306 जिला–नागौर(राजस्थान)

फोन : 01581-226974 मोबाइल व WatsApp No.:9785442373

E-mail : sssankay@gmail.com

परिपत्र संख्या–3/2018–19 दिनांक–22 नवम्बर 2018

सम्माननीय

महोदय/महोदया,

सादर जय जिनेन्द्र!

समण संस्कृति संकाय द्वारा आयोजित जैन विद्या परीक्षा सत्र 2018–19 की महत्वपूर्ण सूचना आपको भेज रहे हैं। जैन विद्या परीक्षा द्वितीय दिनांक 2 एवं 3 फरवरी 2019 को आयोजित होगी। परीक्षा देने वाले सभी परीक्षार्थियों को आवेदनपत्र निर्धारित तिथि तक भरकर भिजवाने होंगे। पूर्व परीक्षा (नवम्बर 2018)के लिए भेजे गये फार्म मान्य नहीं होंगे।

**जैन विद्या पाठ्यक्रम –**

| जैन विद्या भाग | पुस्तक | कीमत | संस्करण |
|---|---|---|---|
| 1 | जैन विद्या भाग–1 हिन्दी | 30/- | 2017 |
| | जैन विद्या भाग–1 अंग्रेजी | 20/- | 2013 |
| 2 | जैन विद्या भाग–2 हिन्दी, | 30/- | 2018 |
| | जैन विद्या भाग–2 अंग्रेजी | - | - |
| 3 | जैन विद्या भाग–3 | 40/- | 2018 |
| 4 | जैन विद्या भाग–4<br>सचित्र श्रावक प्रतिक्रमण | 50/-<br>20/- | 2018<br>2018 |
| 5 | जैन तत्त्व विद्या खण्ड–1 (प्रथम पत्र)<br>जैन परम्परा का इतिहास (द्वितीय पत्र) | 40/-<br>100/- | 2018<br>2018 |
| 6 | जैन तत्त्व विद्या खण्ड–2 व 3 (प्रथम पत्र)<br>जैन धर्म : जीवन और जगत (द्वितीय पत्र) | 50/-<br>130/- | 2018<br>2017 |
| 7 | भिक्षु विचार दर्शन (प्रथम पत्र)<br>जीव–अजीव (द्वितीय पत्र) | 100/-<br>100/- | 2018<br>2018 |
| 8 | श्रमण महावीर (अध्याय–1 से 46) (प्रथम पत्र)<br>आचार्य भिक्षु (अध्याय–1 से 8, 10, 11) (द्वितीय पत्र) | 150/-<br>150/- | 2016<br>2017 |
| 9 | आचार मीमांसा (जैन दर्शन मनन और मीमांसा–खण्ड 3) (प्रथम पत्र)<br>ज्ञान मीमांसा (जैन दर्शन मनन और मीमांसा–खण्ड 4) (द्वितीय पत्र) | - | - |
| भाग 1 व 2 संयुक्त | जैन विद्या भाग 1 व 2 (शनिवार) | | |
| भाग 3 व 4 संयुक्त | जैन विद्या भाग 3 व 4 (रविवार) | | |
| भाग 5 प्रवेश परीक्षा | जैन विद्या भाग–1,2 (प्रथम पत्र)<br>जैन विद्या भाग–3,4 व सचित्र श्रावक प्रतिक्रमण (द्वितीय पत्र) | | |

**जैन विद्या भाग 1 से 8 तक की परीक्षा का उत्तीर्णांक**

| | |
|---|---|
| तृतीय श्रेणी | 40 – 50% |
| द्वितीय श्रेणी | 51 – 65% |
| प्रथम श्रेणी | 66 – 80% |
| विशेष योग्यता | 81 – 100% |

**जैन विद्या भाग 9 की परीक्षा का उत्तीर्णांक**

| | |
|---|---|
| उत्तीर्ण | 50 – 60% |
| द्वितीय श्रेणी | 61 – 70% |
| प्रथम श्रेणी | 71 – 80% |
| विशेष योग्यता | 81 – 100% |

नोट–

- **इस वर्ष (2018–19) से प्रश्नपत्र में कुछ परिवर्तन किये गये हैं। जैन विद्या भाग 1 से 4 के अनुसार ही भाग 5 से 7 में भी वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र आयेगा।**

- **जैन विद्या भाग 5 से 9 एवं भाग 5 प्रवेश परीक्षा में दोनो प्रश्नपत्र में पास होने पर ही उत्तीर्ण माने जायेंगे।**
- **भाग 5 प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षार्थी की आयु 18 वर्ष अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्नपत्र में 60 प्रतिशत अंक उत्तीर्णांक होंगे।**
- **भाग 1–2 संयुक्त परीक्षा के लिए परीक्षार्थी की आयु 13 वर्ष अनिवार्य है। उत्तीर्णांक 50 प्रतिशत अंक होंगे। यह परीक्षा अंग्रेजी में नहीं होगी।**
- **भाग 3–4 संयुक्त परीक्षा के लिए परीक्षार्थी की आयु 16 वर्ष अनिवार्य है। उत्तीर्णांक 50 प्रतिशत अंक होंगे।**
- **जैन विद्या भाग 3 में कालू तत्व शतक का कोई भी प्रश्न परीक्षा में नहीं आयेगा।**

**परीक्षा शुल्क (फीस) विवरण–**

| | मूल फीस | लेट फीस |
|---|---|---|
| जैन विद्या भाग–1, 2, 3 व 4 | 100/– | 120/– |
| जैन विद्या भाग–5, 6 व 7 | 150/– | 200/– |
| जैन विद्या भाग–8, 9 | 200/– | 250/– |
| जैन विद्या भाग–5 प्रवेश परीक्षा | 200/– | 250/– |
| जैन विद्या भाग 1–2 संयुक्त परीक्षा | 150/– | 200/– |
| जैन विद्या भाग 3–4 संयुक्त परीक्षा | 200/– | 250/– |
| जैन विद्या भाग–1, 2, 3 व 4 **(स्कूल के विद्यार्थियों के लिए)** | 70/– | 100/– |

**नोट**–उपरोक्त स्कूल के विद्यार्थियों के लिए जो सुविधा दी जायेगी बशर्ते कि वे उस स्कूल में अध्ययनरत हो। स्कूल के माध्यम से जो आवेदनपत्र आयेंगे वे ही मान्य होंगे। स्कूल की स्टाम्प लगी होनी चाहिए। केन्द्र रजिस्ट्रेशन शुल्क आजीवन के लिए 1000/– और एक वर्ष के लिए 150/– निर्धारित है।

**परीक्षार्थी आवेदन की तारीख–**

- आवेदन पत्र (फार्म) की अंतिम तारीख 1 से 7 दिसम्बर 2018 **(लाडनूं कार्यालय में पहुंचने की)**
- विलम्ब शुल्क (लेट फीस) के साथ अंतिम तारीख 8 से 15 दिसम्बर 2018 **(लाडनूं कार्यालय में पहुंचने की)**

**जैन विद्या परीक्षा की निर्धारित तारीख–**

- **2 फरवरी 2019 शनिवार : समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक**

  जैन विद्या भाग 5, 6, 7, 8 व 9 का – प्रथम प्रश्नपत्र

  जैन विद्या भाग 5 के लिए प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा – प्रथम प्रश्नपत्र

  भाग 1–2 संयुक्त परीक्षा

- **3 फरवरी 2019 रविवार : समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक**

  जैन विद्या भाग 1 से 4 तक की परीक्षाएं एवं 5, 6, 7, 8 व 9 का – द्वितीय प्रश्नपत्र

  जैन विद्या भाग 5 के लिए प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा – द्वितीय प्रश्नपत्र

  भाग 3–4 संयुक्त परीक्षा

**विशेष ज्ञातव्य–**

1. इस सत्र के लिए सभी केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों से निवेदन है परीक्षार्थी फार्म (आवेदनपत्र) भेजने के लिए निर्धारित तिथि का अवश्य ध्यान रखें। आवेदनपत्र की अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले फार्म किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त फार्मों के सम्बन्ध में कार्यालय से कोई सूचना दी जानी संभव नहीं होगी। अतः आवेदनपत्र समय पर ही भिजवाने का श्रम करावें।
2. जो परीक्षार्थी नवम्बर की परीक्षा दे चुके हैं वे फरवरी की परीक्षा नहीं दे पायेंगे। जो इस परीक्षा में नहीं बैठ पाये वे ही आवेदन करें। यदि ऐसा कोई आवेदनपत्र प्राप्त होता है तो निरस्त कर दिया जायेगा।
3. परीक्षार्थी अपना फार्म (आवेदनपत्र) साफ व स्पष्ट शब्दों में भरें ताकि किसी का गलत विवरण नहीं लिखा जाये। अंग्रेजी में भरने वाले **Capital Letter** में भरें। अपना पूरा पता सही व स्पष्ट पिन कोड नम्बर सहित लिखें। वांछित जानकारी के अभाव में फार्म कैंसिल हो सकता है। फार्म का नीचे का भाग भी भरकर भेजें।
4. फार्म में जन्म तिथि **(Date of Birth)** अनिवार्य रूप से लिखें। केन्द्र व्यवस्थापक अधूरे फार्म को स्वीकार न करें। फार्म में फोटो गोंद लगाकर ठीक से चिपकाएं।
5. परीक्षार्थी आवेदनपत्र के साथ में पिछले वर्ष की उत्तीर्ण प्रमाणपत्र की फोटो कॉपी अवश्य संलग्न करें। पिछले प्रमाण के अभाव में आवेदनपत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इस संबंध में कोई रियायत नहीं की जायेगी, इसे अति आवश्यक समझें।

फार्म में वांछित जानकारी सही भरी गयी है या नहीं, केन्द्र व्यवस्थापक जांच करके ही भिजावें। परीक्षार्थी आवेदनपत्र में केन्द्र व्यवस्थापक व परीक्षार्थी के हस्ताक्षर नहीं होने पर स्वीकृत नहीं किये जायेंगे।

6. केन्द्र व्यवस्थापक आवेदनपत्र भिजवाते समय साथ में विवरण पत्र व विद्यार्थियों के नाम की सूची अवश्य भिजवायें। पत्र में कक्षावार फार्मों का ब्योरा अवश्य लिखें। विवरण पत्र के अभाव में किसी विद्यार्थी का फार्म गुम हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। विवरण पत्र का ब्यौरा इस प्रकार हो –

| क्र.सं. | क्लास का नाम | फार्मों की संख्या | शुल्क (बिना लेट शुल्क) | शुल्क (लेट शुल्क) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जैन विद्या भाग 1 | – | – | – |

7. स्कूली शिक्षा 5वीं में अध्ययनरत या 10 वर्ष पूर्ण आयु वाले ज्ञानार्थी ही जैन विद्या परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकेंगे। उक्त अर्हताओं के अभाव में बालक बालिकाएं आवेदनपत्र नहीं भरें। यदि इसे अनदेखा करके परीक्षा दी जाती है तो उत्तरपुस्तिका किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जायेगी। इस संबंध में केन्द्र व्यवस्थापक या अन्य व्यक्ति बार–बार सम्पर्क नहीं करेंगे। 10 वर्ष की आयु का प्रमाणपत्र अवश्य संलग्न करें।

8. समण संस्कृति संकाय–जैन विश्व भारती को देय बैंक ड्राफ्ट अथवा मनीआर्डर भेजे या पूरे भारत में कहीं भी ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (OBC) में समण संस्कृति संकाय–जैन विश्व भारती के खाते में जमा करवा सकते हैं। अन्य बैंक में जमा करवाते हैं तो ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स (OBC)के **IFSC Code No.** द्वारा करवा सकते हैं। जमा की स्लिप जिरोक्स करवाकर समण संस्कृति संकाय कार्यालय में भिजावें ताकि रसीद आपको भेजी जा सके।

| | | |
|---|---|---|
| **BANK NAME** | - | **ORIENTAL BANK OF COMMERCE (OBC)** |
| **ACCOUNT NAME** | - | **JAIN VISHVA BHARATI A/C SAMAN SANSKRITI SANKAY** |
| **ACCOUNT NO.** | - | **10272191061505** |
| **IFSC CODE** | - | **ORBC 0101027** |
| **MICR CODE** | - | **341022075** |
| **BRANCH** | - | **LADNUN** |

9. यदि गत वर्ष की कुछ शुल्क बकाया हो तो केन्द्र व्यवस्थापक इस ओर ध्यान देवें एवं अवशिष्ट शुल्क राशि शीघ्र भिजवाने की व्यवस्था करें। फीस समण संस्कृति संकाय के खाते में ही जमा करावें। फीस जमा/बकाया का विवरण पूर्व में भेज दिया गया है।

10. पाठ्य पुस्तकों का आर्डर साहित्य विभाग, जैन विश्व भारती, लाडनूं के नाम भेजें तथा पुस्तकों की राशि भी उक्त नाम से ही भेजें। संबंधित जानकारी हेतु मो.न. **8742004849** पर श्री पंकज महर्षि से सम्पर्क करें।

11. जैन विद्या परीक्षा से संबंधित जानकारी समण संस्कृति संकाय की वेबसाइट **sss.jvbharati.org** पर प्राप्त कर सकते हैं।

12. जैन विद्या परीक्षा देने वालों के लिए यह सूचना प्रसारित की जा रही है कि परीक्षार्थी फार्म भरते समय अपनी पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाणपत्र की जिरोक्स संलग्न करना अनिवार्य होगा। **भाग 9 की परीक्षा के लिए पूर्व कक्षा 7 व 8 का प्रमाणपत्र संलग्न करना होगा।** प्रमाणपत्र के अभाव में कार्यालय से भेजी गयी अंकतालिका मान्य होगी। प्रमाण संलग्न नहीं होने पर आवेदन फॉर्म निरस्त कर दिया जायेगा।

13. उत्तरपुस्तिकाओं के साथ में विवरण पत्र अनिवार्य रूप से भेजें। विवरणपत्र के अभाव में भेजी गयी उत्तरपुस्तिका की संख्या की जिम्मेदारी आपकी होगी। यदि विवरण पत्र के अनुसार उत्तरपुस्तिका कम ज्यादा होगी तो आपको तुरंत सूचना कर दी जायेगी।

14. अनुपस्थित परीक्षार्थी के स्थान पर नये अभ्यर्थी को बैठने की अनुमति नहीं दी जाए।

15. वरिष्ठ भाई बहनों (सीनियर सिटिजन–60 वर्ष) को परीक्षा के समय आधा घण्टा अतिरिक्त देना है।

16. जिन परीक्षार्थियों ने नवम्बर में परीक्षा दी है वे फरवरी की परीक्षा में नहीं बैठ सकते। जो फरवरी में परीक्षा देना चाहते हैं उनको नया आवेदनपत्र भरकर फीस सहित भिजवाने होंगे। फीस संकाय के खाते में ही जमा करावें।

17. जिन परीक्षार्थियों के आवेदनपत्र के साथ पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किया है उनके फार्म रोक लिए जायेंगे। उनके प्रवेशपत्र नहीं भेजे जायेंगे।

18. नवम्बर 2018 एवं फरवरी 2019 दोनों परीक्षाओं का परिणाम एक साथ घोषित किया जायेगा।

19. परीक्षा परिणाम के संबंध में कोई सूचना व जानकारी प्राप्त करनी हो या उत्तरपुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन करवाना हो तो परीक्षा परिणाम प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर संकाय को अवगत करावें। निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाले पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उत्तरपुस्तिका का पुनर्मूल्यांकन जैन विद्या भाग 1 से 4 के लिए 100/– एवं भाग 5 से 9, भाग 5 प्रवेश परीक्षा, भाग 1–2 संयुक्त व 3–4 संयुक्त के लिए 200/– प्रति उत्तरपुस्तिका से पूर्व भुगतान होने पर व लिखित सूचना आने पर ही करवाया जायेगा।

**मालचन्द बेगानी**
**विभागाध्यक्ष**
**मो.न.09810031623**